मई 2025/भाग-3/अंक 02

## राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# सृजनिका

मासिक पत्रिका













# अनुक्रमणिका


1. जीपीटीएडी सी.ई. कार्यक्रम ........................................ 03
2. अहमदाबाद फैशन वीक 2025 में गेस्ट ऑफ ऑनर .................. 05
3. समर डिज़ाइन वर्कशॉप 2025 ........................................ 08
4. समर डिज़ाइन वर्कशॉप 2025 का समापन समारोह .................. 10
5. फैशन और डिजाईन की दुनिया के समाचार ............................ 12




# जीपीटीएडी सतत शिक्षा (सी.ई.) कार्यक्रम

### जीपीटीएडी सतत शिक्षा कार्यक्रम के स्नातकों को बधाई

एन.आई.एफ.टी. गांधीनगर के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा संचालित गारमेंट प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी एवं अपैरल डिज़ाइन (GPTAD) सतत शिक्षा प्रोग्राम (सत्र 2023-24) के स्नातकों के लिए एक विशेष बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) समीर सूद, निदेशक, निफ़्ट गांधीनगर, प्रों. (डॉ.) प्रणव वोरा, संयुक्त निदेशक, निफ़्ट गांधीनगर, प्रो. (डॉ.) अमर तिवारी एवं संस्थान के अन्य संकाय एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहें।



इस बैच की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विविधता रही। इस सत्र में, विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए, कुल 16 होनहार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ज्ञान और कौशल को निखारने की इस यात्रा में 1 शिल्पकार, 6 उद्यमी, 3 गृहिणियाँ, 3 कार्यरत पेशेवर तथा फैशन एवं टेक्सटाइल जगत में अपना करियर बनाने के आकांक्षी 3 विद्यार्थी शामिल थे। यह विविधता इस बात का सशक्त प्रमाण है कि सीखने और स्वयं को सशक्त बनाने की कोई उम्र या सीमा नहीं होती।

इस गरिमामयी अवसर पर संस्थान के निदेशक, प्रो. (डॉ.) समीर सूद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अपने अत्यंत प्रेरक और सारगर्भित उद्बोधन में, प्रो. (डॉ.) समीर सूद ने भारत के वस्त्र क्षेत्र को देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख और अभिन्न स्तंभ बताया। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में सरकार की दूरदर्शी पहलों जैसे– 'पी.एम. मित्र पार्क्स' , 'टेक्निकल टेक्सटाइल्स' के बढ़ते दायरे और हाल ही में आयोजित 'भारत टेक्स' जैसे वैश्विक स्तर के आयोजनों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को महज़ नौकरी की तलाश

करने के बजाय उद्यमिता और नवाचार के मार्ग पर चलकर समाज में अपना योगदान देने के लिए गहराई से प्रेरित किया।

अंत में उन्होंने इस कार्यक्रम में सफल सभी स्नातकों को संबोधित करते हुए वस्त्र उद्योग की प्रगति में उनके योगदान और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।










**कार्यक्रम की झलकियां**

# अहमदाबाद फैशन वीक 2025 में निफ्ट की गौरवमयी उपस्थिति

### अहमदाबाद फैशन वीक 2025

फैशन, कला और आधुनिक डिज़ाइन के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में शुमार 'अहमदाबाद फैशन वीक 2025' का आयोजन 31 मई 2025 को होटल हयात रीजेंसी, अहमदाबाद में अत्यंत भव्य रूप में किया गया। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।




**अहमदाबाद फैशन वीक 2025 में निफ़्ट**

इस गौरवशाली अवसर पर राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर के निदेशक, प्रो. (डॉ.) समीर सूद को 'गेस्ट ऑफ ऑनर' (विशिष्ट अतिथि) के रूप में सादर आमंत्रित किया गया था। इस वृहद आयोजन में देश भर के जाने-माने प्रमुख डिज़ाइनर, फैशन जगत के दिग्गज प्रोफेशनल्स, उद्योगपति और विभिन्न प्रतिष्ठित फैशन संस्थानों के प्रतिनिधि एक मंच पर उपस्थित हुए।

दीप प्रज्वलन और विधिवत शुभारंभ: कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संस्कृति की महान परंपरा के अनुसार हुई। मंच पर प्रो. (डॉ.) समीर सूद ने अपने करकमलों से दीप प्रज्वलित कर इस भव्य फैशन महाकुंभ का विधिवत उद्घाटन किया। उनकी इस गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को एक विशेष महत्व और वैचारिक गहराई प्रदान की। इस मंच के माध्यम से एक बार फिर फैशन और डिज़ाइन के क्षेत्र में निफ्ट गांधीनगर की सृजनात्मकता, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता मजबूती से उजागर हुई।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह और युवा डिज़ाइनरों को संबोधित करते हुए, निदेशक प्रो. (डॉ.) समीर सूद ने फैशन उद्योग में 'सतत विकास' और तकनीकी नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने डिज़ाइनरों की भावी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि, "ऐसे भव्य आयोजन न केवल सृजनात्मक अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम हैं, बल्कि ये फैशन शिक्षा और वस्त्र उद्योग के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में भी कार्य करते हैं।" उनका यह प्रेरणादायक संदेश युवा डिज़ाइनरों के लिए एक नई दिशा तय करने वाला साबित हुआ, जो भविष्य में पर्यावरण के अनुकूल और नवोन्मेषी फैशन की नींव रखेंगे।




**अहमदाबाद फैशन वीक 2025 की झलकियां**

अहमदाबाद फैशन वीक ने डिज़ाइन और टेक्सटाइल के क्षेत्र में उभरती हुई नई प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट वैश्विक मंच प्रदान किया।

# रचनात्मकता, कौशल और नवाचार का उत्सव

## समर डिज़ाइन वर्कशॉप 2025

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर के परिसर में छात्रों की रचनात्मकता, नवाचार और व्यावहारिक सीख को नई ऊंचाइयां देने के उद्देश्य से 2-दिवसीय 'समर डिज़ाइन वर्कशॉप 2025' का आयोजन 4 एवं 5 जून 2025 को किया गया। इस ऊर्जावान वर्कशॉप में संस्थान के विभिन्न विभागों– फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, एक्सेसरी डिजाइन और फैशन कम्युनिकेशन– के द्वारा डिज़ाइन में रुचि रखने वाले 10वीं, 11वीं या 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किया गया , जिसमे सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ एवं सक्रिय रूप से भाग लिया।



**उद्घाटन एवं निदेशक महोदय का प्रेरक संदेश:** वर्कशॉप का विधिवत उद्घाटन संस्थान के निदेशक, प्रो. (डॉ.) समीर सूद द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा, "ऐसे व्यावहारिक कार्यक्रम छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं को गहराई से समझने और अपने नवोन्मेषी विचारों को प्रयोगात्मक रूप देने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं।" उनका यह संदेश पूरी वर्कशॉप के दौरान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहा।

वर्कशॉप में जिन विशेष विषयों पर बल दिया गया, वो इस प्रकार रहीं:

व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास: यह वर्कशॉप केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें 'करके सीखने' (लर्निंग बाय डूइंग) पर विशेष ज़ोर दिया गया।

विशेषज्ञ सत्र: क्लासरूम में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा डिजाइन प्रक्रिया, ट्रेंड फोरकास्टिंग और सस्टेनेबल मटेरियल्स पर गहन व्याख्यान दिए गए।

तकनीकी और पारंपरिक कौशल: एक तरफ जहाँ छात्रों ने कंप्यूटर लैब में विशेषज्ञ संकाय के मार्गदर्शन में ग्राफ़िक डिज़ाइनिंग और रचनात्मक विज़ुअल प्रेज़ेंटेशन की डिजिटल बारीकियां सीखीं, वहीं दूसरी ओर उन्होंने पारंपरिक हैंडलूम (हथकरघा) मशीन के पास जाकर बुनाई और टेक्सटाइल की ज़मीनी व व्यावहारिक समझ भी प्राप्त की।















# रचनात्मकता और सफलता का उल्लास

## समर डिज़ाइन वर्कशॉप 2025 का समापन समारोह

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर के परिसर में आयोजित 'समर डिज़ाइन वर्कशॉप 2025' का समापन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।



**कार्यक्रम की झलकियाँ**

सफलता का सम्मान: प्रमाणपत्र वितरण समारोह का सबसे प्रतीक्षित और गौरवमयी क्षण 'प्रमाणपत्र वितरण' का रहा। निदेशक प्रो. (डॉ.) समीर सूद ने अपने कर-कमलों से वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी होनहार छात्रों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए। अतिथियों के हाथों प्रमाणपत्र प्राप्त करते समय छात्रों के चेहरों पर नई सीख की संतुष्टि और अपनी रचनात्मक मेहनत की खुशी साफ़ झलक रही थी। यह प्रमाणपत्र उनके लिए केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि डिज़ाइन की दुनिया में उनके द्वारा बढ़ाए गए मज़बूत कदमों का प्रतीक है।

प्रदर्शनी और भव्य समापन समापन दिवस के अवसर पर स्मार्ट क्लासरूम में छात्रों द्वारा बनाए गए बेहतरीन प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी और डिजिटल प्रस्तुति भी की गई। वहां उपस्थित संकाय सदस्यों और सभी आगंतुकों ने छात्रों की इस रचनात्मकता और मेहनत को खूब सराहा। कार्यक्रम का शानदार समापन धन्यवाद ज्ञापन और एक यादगार समूह तस्वीर के साथ हुआ, जिसने इस वर्कशॉप की सुनहरी यादों को हमेशा के लिए संजो दिया।




कौशल और रचनात्मकता का विकास इस पूरी वर्कशॉप की अवधि के दौरान छात्रों ने केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बटोरा, बल्कि डिज़ाइन प्रक्रिया, रचनात्मक सोच और एक साथ मिलकर काम करने (सहयोगात्मक कार्य प्रणाली) का जो अमूल्य व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, वह उनके आगामी करियर में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# फैशन और डिजाईन की दुनिया के समाचार

## अंतरराष्ट्रीय समाचार

78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल: 13 से 24 मई तक चले इस फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर फैशन के नए नियम और ग्लैमर देखने को मिले।

- नियमों में बदलाव: कान्स ने इस साल बहुत ज्यादा रिवीलिंग ड्रेस और बहुत लंबे ट्रेन्स पर कुछ पाबंदियां लगाईं ताकि "गरिमा और व्यावहारिकता" बनी रहे।

मुख्य झलकियाँ:

- बेला हदीद, एंजेलिना जोली और काइली जेनर के लुक चर्चा में रहे।
- ऐश्वर्या राय ने मनीष मल्होत्रा की डिजाइन की हुई हाथीदांत रंग की बनारसी हैंडलूम साड़ी पहनी, जिसमें 'कडवा ब्रोकेड' तकनीक का इस्तेमाल किया गया था।
- असमिया सिल्क (मूगा मेखेला चादर) को वैश्विक मंच पर ले जाते हुए संजुक्ता दत्ता के डिजाइन्स ने पांचवीं बार कान्स में अपनी जगह बनाई।
- अदिति राव हैदरी (राहुल मिश्रा के गाउन में) और जैकलीन फर्नांडीज जैसे सितारों ने भारतीय एम्ब्रॉयडरी को वेस्टर्न कट्स के साथ पेश किया।

## भारतीय समाचार

लैक्मे फैशन वीक x फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया 2025: नई दिल्ली में 8-12 अक्टूबर 2025, की अवधि मे 25वीं वर्षगांठ मनाते हुए टिकाऊ फैशन, कारीगर शिल्प और आधुनिक विलासिता को प्रदर्शित करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन  किया गया। इस इवेंट के ट्रेंड्स और कलेक्शंस की काफी चर्चा रही।

मुख्य झलकियाँ:

- टेक-फैशन कोलेब: अमित अग्रवाल ने टेक ब्रांड "नथिंग" के साथ मिलकर एक भविष्यवादी कलेक्शन पेश किया, जहाँ बनारसी ब्रोकेड को पॉलिमर और मैटेलिक एलिमेंट्स के साथ जोड़ा गया।
- स्थिरता: कई डिजाइनर्स ने पुराने कपड़ों को नए लग्जरी आउटफिट्स में बदला, जिसमें 'रिसायकल' और 'अपसाइकिल' किए गए कपड़ों का बड़े पैमाने पर उपयोग देखा गया।
- पुरुष वस्त्र क्रांति: पुरुषों के फैशन में पारंपरिक कुर्ते के साथ स्ट्रक्चर्ड ब्लेजर्स और जेंडर-न्यूट्रल स्कर्ट्स का ट्रेंड काफी पॉपुलर रहा।




**राजभाषा अनुभाग**

**राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर**

**वस्त्र मंत्रालय , भारत सरकार**